>

**Title: Need to take effective steps to check naxalism in Jharkhand and provide adequate financial package for economic development of the naxal-hit regions.**

**डॉ. धीरेन्द्र अग्रवाल (चतरा) :** महोदय, नियम 377 के माध्यम से सदन की जानकारी में लाना चाहता हूं कि मेरे गृह राज्य झारखंड में नक्सलवादी गतिविधियां चल रही हैं। नक्सलवादी क्षेत्रों के विकास के लिए पैकेज उपलब्ध करवाने के लिए सदन में मांग उठाई गयी थी, परंतु उस पर अमल नहीं किया गया है। सरकार ने 2500 करोड़ की लागत से पिछड़े क्षेत्र का विकास करने की योजना बनायी थी। परंतु इस योजना से इन नक्सलवाद क्षेत्रों में विकास नहीं के बराबर हुआ है। यहां पर फैली बेरोजगारी के चलते लोग नक्सलवाद का रास्ता अपना रहे हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि सरकार शीघ्र नक्सलवाद पर नियंत्रण करने के लिए एवं नक्सलवाद से प्रभावित इलाकों के औद्योगिक विकास एवं रोजगार के विशेष अवसर सृजित किये जाने के लिए सकारात्मक कार्य एवं विशेष पैकेज नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए दिए जाये एवं समय-समय पर इस संबंध में अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की जानी चाहिए।